दिनांक 25.02.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

28 फरवरी को पेश होगा 2019-20 का बजट

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई द्वारा वर्ष 2018-19 का संसोधित बजट एवं वर्ष 2019-20 के अनुमानित बजट पर विचार और अंगीकार करने हेतु 28 फरवरी को दिन में 11 बजे से नगर पालिक निगम, भिलाई के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया है। निगम सचिवालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार माननीय महापौर महोदय द्वारा अनुमादित और माननीय अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार सम्मिलन के कामकाज की कार्य सूची 28 फरवरी को निगम सभागार में आहूत बैठक में वितरित की जावेगी।

जनसम्पर्क अधिकारी

....

दिनांक 25.02.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

नव नियुक्त उपायुक्त को मिला प्रभार

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई में नव नियुक्त उपायुक्त तरुण पाल लहरे को प्रभारी अधिकारी विधि, आवास, दुकान, गुमटी, खाद्य, राष्ट्रीय आजीविका मिशन एवं सहायक परियोजना अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। वे हाल ही मे स्थानांतरण पर निगम भिलाई में पदस्थ हुए हैं, और उनके प्रभार संबंधी आदेश आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने आज जारी किया है।

इसी प्रकार श्री मूर्ति शर्मा को प्रभारी अधिकारी आवास, दुकान, गुमटी के दायित्व से मुक्त करते हुए निगम मुख्यालय में सहायक राजस्व अधिकारी बनाया गया है। उपरोक्त आदेशों के प्रभाव से श्री आर.के साहू नोडल अधिकारी राष्ट्रीय आजीविका मिशन के दायित्व से मुक्त होंगे।